# वर्षा ऋतु में कोई भी जन-धन की हानि न हो : संभागायुक्त

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 11 जुलाई. वर्षा ऋतु के दौरान सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और सम्बन्धी विभागों के अधिकारी सतर्क रहें। सुरक्षा के सभी पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।**

**संभागायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित**

**अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

सार्वजनिक इमारतों, स्कूल भवनों, आंगनवाड़ियों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर सतत नजर बनाएं रखें। जर्जर भवनों को तत्काल डिस्मेंटल कराएं। किसी भी प्रकार की जनहानि और धन हानि न हो यह सुनिश्चित किया जाएं। यह निर्देश संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री के जी तिवारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, वन मंडल अधिकारी उत्तर नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी वरुण यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, प्रशिक्षु आईएफएस सुंदर निवेदन , उपायुक्त नर्मदापुरम भी गणेश , अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से किया जाएं। जनपद सीईओ, सीएमओ नगरपालिका , सड़क विभाग सतत अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और सुनिश्चित करें कि सड़कों को स्थित अच्छी रहे।




सड़कों पर गड्ढे होने की शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। इसी प्रकार नाली के ब्लॉकेज ,पेयजल, बिजली , जलभराव की समस्याएं आने कर उनका तत्परता से समाधान कराएं। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार हैं। विभागीय अधिकारियों से समन्वय और सहयोग से कार्य करना आपका प्रमुख उत्तरदायित्व हैं। इसी प्रकार विकास से जुड़े कार्यों में भी एसडीएम लीडरशिप लें। अपने क्षेत्र में फीड बैक सिस्टम डेवलप करें। नकारात्मक खबरों पर त्वरित एक्शन लिया जाएं। रोस्टर तय कर विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया जाएं। उन्होंने सभी सीएमओ ,जनपद सीईओ और बीएमओ से वर्षा की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**निजी स्कूल वाहनों की करे जांच :** उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम सुनिश्चित करे कि ज्ञात और अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना में राहत के प्रकरण लंबित न रहें। अपने क्षेत्र के थाने के साथ राहत प्रकरणों की सतत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत अपने क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। निजी बस वाहनों की निरीक्षण भी किया जाएं। निजी स्कूल बस वाहन की फिटनेस, वाहन चालक सहित अन्य आवश्यक प्रमाणित जानकारी ली जाएं।

## कोई भी ऑफलाइन दर्ज न हो राजस्व प्रकरण

वन खंड व्यवस्थापन के प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा कर संभागायुक्त श्री तिवारी ने कहा कि प्रकरणों में आवश्यक बिंदुओं का पालन कर उन्हें दर्ज कराएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों के बारे में जानकारी और निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण ऑफलाइन दर्ज नहीं किया जाएं। ऑफलाइन दर्ज पाए जाने पर संबंधित एसडीएम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम और एसडीओ फॉरेस्ट की जानकारी और समन्वय में कमी न हो। उन्होंने स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और अन्य संबंधित विभागों को वन विस्थापन के प्रकरणों का एसडीओ फॉरेस्ट से समन्वय कर निराकरण कराए। सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाएं।

## स्वास्थ्य और महिला बाल विकास का गंभीरता से कार्य करे

संभागायुक्त श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में बाल मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। इस प्रकार पोषण आहार वितरण योजनाओं का भी प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराएं। सभी धात्री माताओं और बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाएं। आंगनवाड़ी अपने निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से खुलें। आंगनवाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे। उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुलें और वहां स्वास्थ्य का अमला समय पर पहुंचे। इस प्रकार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी अपने कार्यालयों में समय पर पहुंचे। जनसमस्या के प्रति आपका स्वभाव विनम्र और सद्भावनापूर्वक रखें।

## इस युग के हम साक्षी हैं यह परम सौभाग्य : पंडाग्रे

**बैतूल।** शासकीय कन्या गंज के सभागार में मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समाजसेवी ऋषिराज सिंह परिहार व प्राचार्य ललित लिल्होरे जिला युवा अधिकारी के आतिथ्य में और माय भारत की जिला अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली की अध्यक्षता में हुआ। जिला अधिकारी सुषमा गवली ने बताया कि युवा मंडल महिला मंडल समाज सेवा के सहयोग से यह अभियान निरंतर चला जाएगा जिससे कि अधिक से अधिक पौधों का रोपण हो सके इस क्षेत्र में हम सभी पहल कर रहे हैं। ऋषिराज सिंह परिहार ने कहा कि हम सभी का एक विशेष दायित्व बनता है कि हमें कहीं ना कहीं पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए पौधरोपण की आवश्यकता है।

### एक नजर में

## इंदिरा गांधी वार्ड में हाईमास्ट का शुभारम्भ

**मुलताई।** नगर के इंदिरा गांधी वार्ड में नटखट चौक पर रात्रि में अंधेरा दूर करने के लिए नगरपालिका द्वारा हाईमास्ट लाइट लगाए गए है। जिससे रात्रि में आने जाने वालो को परेशानी नहीं होंगी। गुरुवार को शाम 7 बजे नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने पूजन कर हाईमास्ट का लोकार्पण किया। इस दौरान सभापति डॉ जीए बारस्कर, शिल्पा मनीष शर्मा, जनप्रतिनिधि गण, वार्ड के नागरिक, नगर पालिका उपयंत्री योगेश अनेराव एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे लिंक रोड स्थित कैंपेन हाउस में आयोजित की गई है एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बीपी धामोढ़े ने बताया कि हाल ही में जबलपुर स्थित कोकिला रिसॉर्ट में 24 जून को आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी इस बैठक में दी जाएगी। बैठक में महंगाई राहत से संबंधित धारा 49(6) तथा पेंशन एस्क्रो गारंटी के संबंध में शासन से की जा रही मांग पर चर्चा होगी। इस संदर्भ में एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.के. जयसवाल एवं अन्य पदाधिकारी 20 जुलाई को ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर विषय की गंभीरता से अवगत कराएंगे। इसके अतिरिक्त संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर भी विस्तार से विचार किया जाएगा।

## ग्रामों के स्कूलों में किया विद्यारंभ संस्कार

**मुलताई।** गायत्री परिवार के सदस्यो ने क्षेत्र के ग्रामो में पहुँचकर विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न कराया। गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने बताया गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता भाई बहनों ने क्षेत्र के ग्राम वलनी,देहगुड़, करजगांव, दातोरा, लिहदा के स्कूलों में गायत्री परिवार के भाई बहनों ने स्कूलों में पहुचकर विधि विधान से विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न करवाया। वहीं शाला में उपस्थित शिक्षक,शिक्षिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों को सप्ताह में एक दिन बाल संस्कार शाला प्रारंभ करने के मार्गदर्शन दिया।

# खुद से संवाद ही भीतर की खुशी की राह है : रेखा कापसे

**बैतूल।** जब ज़िंदगी की दौड़ में कुछ पल ठहरकर खुद से मुलाकात होती है, तो भीतर का सन्नाटा भी बोल उठता है। यही सन्नाटा अल्पविराम कहलाता है, जो व्यक्ति को भीतर झांकने, समझने और आत्मनिरीक्षण का अवसर देता है। भीमपुर विकासखंड के सिमोरी गांव में ऐसा ही अनुभव मिला, जब आमजन और शासकीय सेवकों ने आनंद विभाग की इस पहल के ज़रिए स्वयं से संवाद किया, रिश्तों को टटोला और भीतर की भावनाओं से परिचय किया। सिमोरी में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन आनंद विभाग द्वारा किया




गया। यह आयोजन कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के सभागृह में सम्पन्न हुआ, जिसमें 55 ग्रामीण और 18 शासकीय कर्मचारियों ने भाग लिया। इस विशेष अवसर पर आनंद विभाग बैतूल की टीम से जिला संपर्क व्यक्ति महेश गुंजेले, मास्टर ट्रेनर रेखा कापसे, तुलिका पचौरी और शैलेन्द्र बिहारिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। रेखा कापसे ने अल्पविराम की महत्ता बताते हुए कहा कि यह स्वयं से साक्षात्कार और आत्ममंथन का अवसर देता है। यह कार्यक्रम जीवन में आनंद की अनुभूति, सुधार की दिशा और रिश्तों में समझ विकसित करने की प्रेरणा देता है। महेश गुंजेले ने आनंद की ओर विषय पर चर्चा करते हुए वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों को आनंद संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया। रेखा कापसे ने जीवन का लेखा-जोखा विषय पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को उनकी मदद, कष्ट और संबंधों की याद दिलाकर गहन आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित किया।

# शराब पीते समय हुए विवाद में युवक की हत्या

**भैंसदेही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुदगांव में गुरुवार को शराब पीते समय हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद में एक युवक की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी अर्जुन लोखंडे ने गोपाल पिता सुखदेव ठाकरे (32 वर्ष) पर फावड़े से कई बार वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में गोपाल को पहले बैतूल जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक का पोस्टमार्टम जिला



अस्पताल में कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। भैंसदेही थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि दोनों युवक आपस में परिचित थे और गुरुवार दोपहर को शराब पीते समय किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। कुछ समय के लिए मामला शांत हो गया था, लेकिन कुछ घंटों बाद फिर से दोनों में विवाद हुआ जो इतना बढ़ गया कि अर्जुन ने नजदीकी निर्माण स्थल से फावड़ा उठाकर गोपाल के सिर पर वार कर दिए। इस वारदात के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया।

# आवास योजना में 31 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित

**मुलताई।** नगर में गरीबो का नया घर बनाने का सपना शीघ्र ही साकार होगा। प्रधान मंत्री आवास योजना 2 के तहत 29 हितग्राहियो को नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर द्वारा आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। गौरतलब है कि नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन व्यक्तियों द्वारा नया घर बनाए जाने का सपना संजोए रखा था। नए सत्र में मुलताई नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले 29 आवास हीन व्यक्तियों के प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में स्वीकृति मिली है। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद



के सभाकक्ष में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने 29 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस दौरान सभापति शिल्पा मनीष शर्मा, पंजाबराव चिकाने, रितेश विश्वकर्मा एवं पात्र हितग्राही सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौराहों पर बिना अनुमति लगाए अवैध यूनिपोल

**बैतूल।** शहर के प्रमुख चौराहों पर अवैध रूप से लगाए गए यूनिपोल को लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता आशिष साहू, अनिल सिंह ठाकुर, दीपक गुल्हाने, राजेश आर्य, जावेद खान, प्रमेश राजपूत और अब्दे अली ने बताया कि बैतूल नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जेएच कॉलेज चौक, बस स्टैंड कोठी बाजार, कारगिल चौक, गंज रसोई के सामने और शिवाजी चौक जैसे मुख्य स्थानों पर अवैध रूप से यूनिपोल विज्ञापन लगाए गए हैं। इन यूनिपोल को लेकर न तो नगर पालिका द्वारा कोई वैध टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग से किसी प्रकार की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि विगत माह नगर पालिका ने शहर में 91 होर्डिंग लगाने का अनुबंध

**25 लाख की जगह 6 लाख में किया अनुबंध**

**कलेक्टर से शिकायत कर जांच की मांग**

प्रिंटिंग टास्क के संचालक हितेश ठाकरे से किया था। इस अनुबंध में निविदा नियम क्रमांक 09 का उल्लंघन किया गया है। नियम के अनुसार जहां फर्म से 25 लाख रुपये की राशि जमा कराई जानी चाहिए थी, वहीं नगर पालिका ने मात्र 6 लाख रुपये लेकर अनुबंध कर दिया। शिकायतकर्ताओं ने इस पूरे मामले को नगर पालिका की लापरवाही और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला करार दिया है। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग की गई कि नगर पालिका सीएमओ को आदेशित किया जाए कि वे इन अवैध यूनिपोल को हटवाएं। साथ ही फर्म से नियम अनुसार शेष राशि 25 लाख रुपये की वसूली भी सुनिश्चित करवाई जाए। ज्ञापन देने वालों में कुमुद पंवार, राजेश पंवार, नमन वर्मा, बबलू साहू, कपिल धामोड़े, दुर्गेश पोटफोड़े शामिल रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि बैतूल विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भी प्रेषित की गई है।

# गुरुपूर्णिमा पर भाजपा नेताओं ने किया शिक्षकों का सम्मान

**भैंसदेही।** गुरुपुर्णिमा के पावन अवसर पर संगठन के निर्देशानुसार भाजपा नेताओं ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चिल्कापुर में शिक्षक सम्मान उत्सव आयोजित कर शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान किया तथा गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में रिटायर्ड शिक्षक शेषराव लोखंडे, प्राचार्य संदीप राठौर, प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर सलामें एवं वरिष्ठ शिक्षक उमेश कावड़कर मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थे।


**मध्यप्रदेश शासन वनविभाग**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी उपवनमण्डल मुलताई (सा.)**

पता - बी. जे. पी. भवन के पीछे इंदिरा गांधी वार्ड मुलताई,
तह. मुलताई, जिला - बैतूल, म.प्र. पिन 460661, मो.न. 09424790402
E-mail-sdoftmultai@mp.gov.in

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है, कि उपवनमण्डल मुलताई (सामान्य), वनमण्डल दक्षिण बैतूल (सामान्य) के अंतर्गत प्रकरण में निम्न वाहन जप्त किया गया है।

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमांक एवं दिनांक | वाहन मालिक/ आरोपी का नाम एवं पूर्ण पता | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आठनेर (सा.) | 928/93 दिनांक 21.02.2025 | अज्ञात | वाहन Mahindra 3 Wheeler Auto वाहन क्रमांक MH30TC413 चेचिस नम्बर MA1LF2FYST5A13661 इंजन नम्बर S5H8458677 |

अतः सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 01 सप्ताह में वाहन मालिक / वाहन से हित रखने वाले व्यक्ति कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

आपकी अनुपस्थिति में साक्ष्य एवं अभिलेखों के आधार पर प्रकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता आगामी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**पवनमण्डल मुलताई (सा.)**
**वनमण्डल दक्षिण बैतूल (सा.)**

G-15476/25


# पदयात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का स्वागत

**सारनी।** केदारनाथ धाम की कठिन पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का जगह-जगह समाजसेवी संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के दल जैसे ही विभिन्न पड़ावों पर पहुँचे, वहां मौजूद सामाजिक, धार्मिक व सेवा संगठनों ने फूल-मालाओं, जलपान, ठंडे पेय और विश्राम की व्यवस्था कर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा की कठिनाइयों के बावजूद रास्ते में मिल रहे सहयोग और स्वागत ने उनके उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। कई स्थानों पर लंगर और




चिकित्सा शिविर भी लगाए गए थे, जहाँ यात्रियों को राहत और सहायता प्रदान की गई। संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सेवा कार्य उनके लिए सौभाग्य की बात है और हर वर्ष वे इस तरह यात्रियों की सेवा करते हैं। श्रद्धालुओं के चेहरों पर दिखाई दे रही संतुष्टि और आभार भाव ही उनके सेवा कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर समाजसेवी प्रमुख रूप से भाजपा विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल व लल्लन यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला मंत्री राकेश सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# अनियमित निर्माण की भेंट चढ़ी नाली, जलनिकासी अवरुद्ध

**सारणी।** नगरपालिका क्षेत्र सारनी में एक बार फिर निर्माण कार्य में घोर अनियमितता उजागर हुई है। वार्ड नंबर 36 में बनी नाली, जो नगर पालिका इंजीनियर नितिन मीना की देखरेख में बनाई गई है। जल निकासी के उद्देश्य को ही पूरा नहीं कर पा रही है। नाली का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि पानी के निकास का कोई रास्ता ही नहीं छोड़ा गया, जिससे बरसात के दिनों में पानी जमा होकर सड़ांध फैला रहा है। स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह निर्माण कार्य मात्र दिखावा बनकर रह गया है, जिसका उद्देश्य सिर्फ बजट की बसूली और ठेकेदार की जेब भरना है। अधूरी योजना, लापरवाह तकनीकी निरीक्षण और भ्रष्टाचार की बू इस निर्माण कार्य से स्पष्ट झलकती है। नाली में लगातार पानी जमा रहने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद सारनी के अधिकारियों की ही होगी कहा।

# कालीमाई मार्ग पर मिट्टी डालने से बढ़ा खतरा

**सारनी।** तिगड्डे से कालीमाई तक के मार्ग पर हाल ही में सड़क के किनारों पर मुरम के स्थान पर मिट्टी डाली गई है, जिससे अब राहगीरों के लिए यह रास्ता खतरे से खाली नहीं रहा। मिट्टी की ढुलाई में बरती गई लापरवाही ने न केवल सड़क की मजबूती को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि फिसलन और धंसने की स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां पहले सड़क के दोनों किनारों पर मुरम डाली जाती थी, जिससे किनारे मजबूत और टिकाऊ बने रहते थे, वहीं इस बार मिट्टी का प्रयोग कर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई है। बारिश के मौसम में यह मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को



फिसलने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं, कुछ स्थानों पर तो सड़क के किनारे की मिट्टी धंसने लगी है, जिससे वाहन चालकों को बीच सड़क पर चलने के लिए विवश होना पड़ रहा है। इससे आमने-सामने की टक्कर की संभावना भी बनी रहती है। ग्रामीणों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस लापरवाही की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा सड़क के किनारों पर मुरम डालकर उसे मजबूत किया जाए, जिससे किसी अनहोनी से बचा जा सके।

इनका कहना है

जैसे ही आपके द्वारा पता चला कि मिट्टी रोड पर आ रही है। जल्द ही रोड पर गाड़ियों के पहियों से आने वाली मिट्टी साफ कर देंगे।

**-अनुज कुमार, कंपनी मैनेजर, दिलीप बिल्डकॉन**

# भैंसदेही की ग्राम पंचायत थपोड़ा में भारी भ्रष्टाचार

**भैंसदेही। भैंसदेही जनपद के थपोड़ा पंचायत में विकास कार्यों और खर्चों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है।**

स्थानीय ग्रामीणों और दस्तावेजों के अनुसार, पंचायत के सचिव और सरपंच ने आपसी मिलीभगत से सरकारी राशि का मनमाना उपयोग किया है। ग्राम पंचायत रिकॉर्ड के अनुसार, टेंट की सामग्री खरीदने के नाम पर रेस्टोरेंट की दुकान से बिल लगाए गए। यह स्पष्ट करता है कि न तो सामग्री खरीदी गई और न ही संबंधित विक्रेता इस सेवा के लिए अधिकृत था। एक और चौंकाने वाला मामला तब सामने आया जब कंप्यूटर रिपेयरिंग के नाम पर 31,000 की राशि आहरित की गई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत कार्यालय में न तो कोई नियमित कंप्यूटर तकनीकी कार्य होता है और न ही ऐसा कोई रिपेयरिंग का कार्य किया गया है। ग्राम के जागरूक नागरिकों ने इस घोटाले पर नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि




पंचायत के नाम पर आने वाला विकास का पैसा जिम्मेदार पदाधिकारियों की जेबों में जा रहा है, जिससे गांव की बुनियादी सुविधाएँ प्रभावित हो रही हैं। इस मामले में जनपद सीईओ देवेंद्र दीक्षित का कहना है कि फर्जी बिल और अनियमित का मामला संज्ञान में आया है जांच करवाते हैं।


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि वापस करने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था, इसलिए उधारकर्ता तथा आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लेखित राशि के साथ ब्याज भी शामिल है। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि के साथ-साथ सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित परिसंपत्तियों को "IIFL HFL" द्वारा बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री हेमन्त, श्री श्यामला उइके, श्रीमती गंगा भलावी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10411283) | पटवारी हल्का संख्या 32, खसरा संख्या 162, ग्राम बज्जरवाड़ा, पोस्ट पिसाझोड़ी, तहसील एवं जिला में स्थित समस्त भूमि। बैतूल, मध्य प्रदेश, 460001. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कार्पेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 900.00, 518.00, 414.00 | रु.449659/- (रुपये चार लाख उनचास हजार छह सौ उनसठ मात्र) | 13/02/ 2025 | 07/07/ 2025 |
| श्री कारु विष्वकर्मा श्रीमती उमीर्ला बाई विश्वकर्मा, विश्वकर्मा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10669754) | खसरा संख्या 138, मंदिर के पास, ph नंबर 24, रामपुर माल, रामपुर माल, ग्राम- नीमपानी पधर, तहसील और जिला- बैतूल, मध्य प्रदेश, भारत, पाई संख्या 460001 का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कार्पेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 600.00, 522.00 | रु. 243188/- (रुपये दो लाख तिरतालीस हजार एक सौ अठासी मात्र | 02/04/ 2025 | 07/07/ 2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय: 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: भोपाल
दिनांक: 12.07.2025

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।**